# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़(अजमेर)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2023–24

कार्यक्रम अधिकारी– सुश्री फराह

कुल स्वंय सेविकाऐं–100

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़

## वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में 08 अगस्त 2022 से राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई संचालित है। जिसमें कुल 100 स्वंय सेवक नामांकित है। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई सत्र 2023–24 की माह 1 जुलाई 2023 से माह 31 मार्च 2024 तक गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है–

## जुलाई 2023

महाविद्यालय स्तर पर 15 जुलाई 2023 को सलाहकार समिति गठन किया गया जिसमें प्राचार्य को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। समिति के सदस्यों में वरिष्ठ संकाय सदस्य, स्वंय सेविकाओं व स्थानीय जन प्रतिनिधियों को शामिल किया गया।

## प्रथम–एक दिवसीय शिविर

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 22 जुलाई 2023 को प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वंय सेवकों ने महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा श्रमदान किया। टोबेको फ्री यूथ कैम्पन के तहत महाविद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु छात्राओं को शपथ दिलाइ गई। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यता व स्वंय सेवक गण उपस्थित रहे। सभी स्वंय सेविकाओं को अल्पाहर दिया गया।



श्रमदान गतिविधि



तम्बाकू मुक्त परिसर



# कारगिल विजय दिवस

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया एवं शहीदों को सम्मान पूर्वक याद किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुश्री फराह़ ने सभी स्वंय सेविकाओं को पंच प्राण शपथ धारण करवायी। प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, प्रभारी रमेश मीणा ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एन.एस.एस P.O.






, नसीराबाद

नसीराबाद में
भिन्न संगठनों
त्वावधान में
शहीद स्मारक
तिनिधियों ने
यकारे लगाते
े। इस मौके
धारोपण भी

य अधिशासी
पार्षद सरोज
ण गदिया ने
रत में करगिल
ाता है और
ाहीद सैनिकों
ो याद किया
हत स्थानीय
बंधित काव्य
द्ध के जाबांज
जलि देने के
ता लगा रहा।
बीईओ उमेश
, एडवोकेट
हरा, सुशील
र्षद रोहिताक्ष
मेहरा पुनीत
शन परिहार,
चन्द्रप्रकाश,
एसोसिएशन
संजय यादव,
टोंमेंट सफाई
शर्मा, कमल
सरपंच संघ
थ्वीसिंह रावत,
बेड़ा अध्यक्ष
ह रावत आदि
नी प्रकोष्ठ एवं










जय जवान जय किसान स्मारक पर कारगिल युद्ध में दिवंगत हुए सैनिकों को पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष सूबेदार चैन सिंह राठौड़, गौरव सैनानी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बलबीर सिंह राठौड़, वेटरन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कालूराम माली, सूबेदार गंगासिंह, शराफत अली, गोपाल सिंह, हवलदार हरलाल, सिपाही बद्रीलाल गर समेत कई जने मौजूद रहे।

**स्वयंसेवकों को दिलाई शपथः** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कारगिल दिवस विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। प्राचार्य पीयूष गुप्ता ने स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई। प्रो. अनिल गुप्ता ने कारगिल दिवस की थीम 'मेरी माटी मेरा देश' विषय

डॉ. नीता चौहान, माया पारीक, के. सी. रांटा, बृजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन योजना प्रभारी ज्योति मीणा ने किया।

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के सचिव डॉ बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर और प्रभारी रमेश मीणा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया और शहीदों को सम्मान पूर्वक याद किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी फराह ने स्वयं सेविकाओं को पंचप्राण शपथ दिलवाई। प्राचार्य डॉ. श्याम सुंदर व डॉ. रानी वार्ष्णेय ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार प्रकट करते हुए कारगिल युद्ध कारण, शहीदों के शौर्य, फलस्वरूप प्राप्त विजय आदि पर प्रकाश डाला। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी फराह ने स्वयंसेविकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

का आयोजन
राजेन्द्र धनोपि
व कोषाध्यक्ष
सत्येन्द्र गुप्ता
अमर जवान
कर कारगिल
किया गया।
कैडेट्स का
कार्यक्रम में
एल यादव,
नवीन सोनी,
बिन्दल, सुभ
धनोपिया,
शांति टेलर
उपस्थित थे
हरमाड
दयाल गुर्ज
कारगिल वि
राजकीय वि
शिक्षकों व
कर गांव के
को मौन श्र
कि सेना
बटालियन
जम्मू कश्म
साहस का
के लिए
दौरान घी
अवाना,
प्रजापत, शि
ज्याणी

दैनिक नवज्योति 27.07.2023

## अगस्त 2023

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

दिनांक 12.08.2023 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. ईकाई, रूपनगढ़ के तत्वाधान में महाविद्यालय में तथा महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गये ग्राम मगरी का बालाजी रूपसागर, तालाब नूंवा में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत 75 नये पौधे लगाये गये तथा मंदिर परिसर की सफाई स्वंयसेविकाओं द्वारा की गई तथा पौधों को पानी दिया गया। एन.एस.एस. ईकाई की सभी छात्राओं ने श्रम दान किया। तत्पश्चात् स्वंयसेविकाओं को अल्पाहार दिया गया। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, डॉ. रानू वार्ष्णेय, कार्यक्रम प्रभारी कु. फराह द्वारा स्वंय स्वयंसेवकों को वृक्षा रोपण के महत्व से अवगत कराया ।




वृक्षारोपण करते हुए स्वंय सेविकाएँ




## स्वतन्त्रता दिवस(15 अगस्त)

15 अगस्त 77 वॉ स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्षाकर्मी, हिम्मत सिंह, धन्ना सिंह जी का माल्यापर्ण करके सम्मान किया गया और समस्त छात्राओं को पंच प्रण की शपथ एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के द्वारा दिलाई गई। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत् तिरंगे के साथ फोटो अपलोड की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षाकर्मी



पंच प्राण शपथ


Ministry of Culture
Government of India
CERTIFICATE
OF APPRECIATION
PROUDLY PRESENTED TO
SVMM, ROOPANGARH
FOR SUCCESSFULY UPLOADING A SELFIE,
AN INITIATIVE BY THE MINISTRY OF CULTURE TO MARK AZADI KA AMRIT MAHOTSAV
HAR GHAR
TIRANGA

# अभिविन्यास कार्यक्रम

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 17.08.2023 को अभिविन्यास कार्यक्रम के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय सामाजिक सेवा था। जिसमें समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय योजना सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गईः–




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रभारी

दैनिक भास्कर किशनगढ़ 18-08-2023

# सामाजिक सेवा का बताया महत्व

रूपनगढ़। रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में शुक्रवार को अभिविन्यास कार्यक्रम के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि जिसका मुख्य विषय सामाजिक सेवा था। सचिव डॉ. बी. एल. देवनंदा व अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा एवं प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने सामाजिक सेवा का परिचय करवाते हुए छात्राओं को इसके महत्व से अवगत करवाया। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी फराह ने सभी श्रोताओं और वक्ताओं को धन्यवाद दिया।

# <u>सद्भावना दिवस</u>

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 21.08.2023 को सद्भावना दिवस के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय सद्भावना एवं समरसता था। गोष्ठी के मुख्य वक्ता श्रीमती राधे रानी तिवारी ने सद्भावना के बारे में अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्राओं को अपने व्यवहार में सद्भावना लाने के लिए प्रेरित किया। अन्य वक्ताओं में महाविद्यालय की छात्राऐं नोरती, अनिता, अन्नू, प्रियंका ने अपने विचार प्रकट किये।







कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ सदस्य एवं स्वंय सेविकाऍ

अंचल दैनिक नवज्योति

# विवेकानन्द महिला महाविद्यालय ने मनाया सद्भावना दिवस

न्यूज सर्विस/नवज्योति, रूपनगढ़

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की ओर से सोमवार को सद्भावना दिवस मनाया गया।

सचिव डॉ. बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, प्रभारी रमेश मीणा आदि ने मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप



रूपनगढ़। महाविद्यालय में सद्भावना दिवस गोष्ठी का दृश्य। -मीनाक्षी खण्डेलवाल

प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एनएसएस प्रभारी फराह के निर्देशन में महाविद्यालय में विचार गोष्ठी में समरसता व सद्भावना विषयक व्याख्यान हुए। मुख्य वक्ता राधेरानी तिवारी ने सद्भावना के बारे में बताते हुए दैनिक व्यवहार में सद्भावना लाने की अपील की।

## भाजयुमो नगर अध्यक्षों की घोषणा

**रूपनगढ़।** भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष रणजीत सामरिया ने सोमवार को जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया व विधायक सुरेश रावत के निर्देशानुसार रूपनगढ़ मंडल के अधीन आने वाली इकाइयों के अध्यक्षों की घोषणा की। सामरिया ने पवन राव चन्देल को रूपनगढ़, अंकित जाट को कोटड़ी, ज्ञानाराम मेघवाल को पनेर, करतार भादू को नवां, माधव सिंह को थल सींगला, कुलदीप सिंह को भदूण, चेतन ओझा को जाजोता, हरिराम जाट को अमरपुरा, हनुमान गुर्जर को भिलावट, जितेन्द्र वैष्णव को पींगलोद, पवन बाकोलिया को सिनोदिया, नारायण चोटिया को नोसल, गोविन्द माहेश्वरी को करकेड़ी व मुकेश जांगिड़ को मोतीपुरा का अध्यक्ष मनोनीत किया।

परिशिष्ट IV-A

# शोभाया



पुष्कर। माहेश्वरी सेवा सद
नागेश्वर महादेव मंदिर में ज

न्यूज सर्विस/नज्योति, पुष्कर

अखिल भारतीय माहेश्वरी से
में सोमवार को कलश एवं
पुराण की शोभायात्रा के स
दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा
का शुभारंभ हुआ।

कथा शुभारंभ पर सोम
सुबह आयोजक परिवार के
पुरूषों ने पुष्कर सरोवर की पूज
कर कस्बे में कलश एवं श
निकाली। जो मुख्य मार्गो से
कथा स्थल माहेश्वरी भव
जहां पर व्यासपीठ की पूज
कथा वाचक जोधपुर सूर
श्री बड़ारामद्वारा के महंत पर
रामप्रसाद महाराज ने उपस्थि

## पुष्कर व रूप

**पुष्कर।** पुष्कर ब्लॉक
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की

दैनिक नवज्योति 22.08.2023

# राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक 29.08.2023 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. ईकाई, रूपनगढ़ के तत्वाधान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। खेल–कूद के महत्व पर विचार गोष्ठी के साथ–साथ खेल प्रतियोगितओं का आयोजन भी किया गया जिसमे रेस, खो–खो, बैडमिंटन, क्रिकेट, कबड्डी आदि शामिल थे। गोष्ठी के मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा एवं डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा इस वर्ष की खेल दिवस की थीम ''खेल एक समावेशी और फिट समाज को सक्षम बनाते है'' के बारे में बताते हुए युवाओं के जीवन में खेल कूद के महत्व के बारे में अवगत करवाया। अंत में एन.एन.एस. कार्यक्रम प्रभारी फराह द्वारा सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु ''फिट इण्डिया शपथ'' महाविद्यालय की छात्राओं व समस्त उपस्थित गणों को दिलवायी गई।




फिट इण्डिया शपथ



## विधायक टाक ने किया सड़कों का शिलान्यास

मदनगंज किशनगढ़| विधायक सुरेश टाक ने मंगलवार को वार्ड नंबर 57 में 66 लाख रुपए की लागत से सड़कों के कार्य का शिलान्यास किया। विधायक टाक ने बताया कि वार्ड 57 में पथवारी से लेकर देवजी मंदिर होते हुए रमेश मास्टर के मकान तक एवं पीर बाबा से जगदीश गुर्जर के मकान तक और राजू रेगर के मकान से शिवमंदिर रेगर मोहल्ले तक कुल 1.10 किलोमीटर सड़क निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि नगर परिषद एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में इन जीर्ण शीर्ण सड़कों का सर्वे करवाकर क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार की ओर से 13 करोड़ से सड़कों के निर्माण की स्वीकृति जारी हुई है। पार्षद किशन गुर्जर, सरगांव सरपंच सोहनलाल बैरवा, नेमीचंद जोशी, पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप गुर्जर, नौरत, सूरजमल, भवंरलाल, राजू टाक, सुभाष जोशी, रामावतार जोशी, माणक नागर, रामेश्वर बागड़ी सहित अन्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित

रूपनगढ़| रूपनगढ़ में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय एनएसएस इकाई रूपनगढ़ के तत्वावधान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव डॉ. बीएल देवेंदा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेलकूद के महत्व पर विचार गोष्ठी के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें खो-खो, रेस, बैडमिंटन, क्रिकेट, कबड्डी आदि शामिल थे। गोष्टी के मुख्य वक्ता महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा एवं प्राचार्य डॉक्टर.रानू वार्ष्णेय द्वारा इस वर्ष की खेल दिवस की थीम, खेल एक समावेशी और फिट समाज को सक्षम बनाते हैं के बारे में बताते हुए युवाओं को जीवन में खेलकूद के महत्व के बारे में अवगत कराया। अंत में एनएसएस प्रभारी फराह द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त उपस्थित लोगो को शपथ को दिलवाई गई।

दैनिक भास्कर 30.08.2023



खेल प्रतियोगिता


FIT INDIA
FIT INDIA MOVEMENT
CERTIFICATE OF APPRECIATION
Awarded to SWAMI VIVEKANAND MAHILA MAHAVIDHYALAYA, ROOPANGARH
for organising sports and fitness activities on the occassion of
NATIONAL SPORTS DAY 2023
(21st - 29th August 2023)
Ekta Vishnoi
Deputy Director General, SAI
#NationalSportsDay



खेल प्रतियोगिता

सितम्बर 2023

# राजस्थान मिशन–2030

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में 02.09.2023 को राजस्थान मिशन–2030 के अन्तर्गत निबन्ध व भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया। प्रतियोगिताओं में बहुत–बडी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं की आकांक्षाओं को जानकर, उनके सुझावों के आधार पर विजन दस्तावेज 2030 का निर्माण किया जाना है।

दैनिक भास्कर **किशनगढ़** 03-09-2023

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**रूपनगढ़।** राजस्थान मिशन 2030 विषय पर आमुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रथम चरण में कक्षा बार छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। द्वितीय चरण में कक्षा बार प्रथम तीन विजेताओं के मध्य पुनः प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेंदा, प्राचार्य डॉ. रानू ने राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने तथा युवाओं को प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहभागिता के उद्देश्य व प्रतियोगिताओं की उपादेयता के बारे में अवगत कराया।



दैनिक भास्कर 5/9/2023


लोनेबल प्लाट, एक कमरा, लेटबाथ, किचन, सहित बिकाऊ 9887849225, 9414379225

Farm House

जयपुर में अजमेर रोड पर पहाड़ो के बीच गेटेड फार्महाउस मात्र 2100 रुपए प्रतिगज भरपूर मीठा पानी, बिजली सम्पर्क 9462965041

एनाउंसमेंट

ANNOUNCEMENTS

नाम परिवर्तन

नगर, अजमेर

मेने अपना नाम मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SAQUIL) से बदलकर मोहम्मद शकील (MOHAMMAD SHAKEEL) रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD SHAKEEL के नाम से जाना पहचाना जाये। मोहम्मद शकील पुत्र श्री नूर मोहम्मद 4/41, घरोन्दा कवार्टस, नाका मदार, अजमेर।

मैं भूतपूर्व सैनिक सुरेन्द्र कुमार मेरी पुत्री का नाम सेना रिकॉर्ड में भूलवश निर्मला कुमारी दर्ज हो गया है जबकि वास्तविक नाम हीरल है अतः सेना रिकॉर्ड में हीरल किया जाए निवासी आमनेर पोस्ट


## निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

रूपनगढ़| रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राजस्थान मिशन-2030 के अन्तर्गत निबन्ध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में बहुत बडी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं की आकांक्षाओं को जानकर उनके सुझावों के आधार पर विजन दस्तावेज 2030 का निर्माण किया जाना है। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर पिन्का डूडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिन्का डूडी को महाविद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



भाषण प्रतियोगिता



निबन्ध प्रतियोगिता

# शिक्षक दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में 5 सितम्बर 2023 को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा सभी शिक्षकों को फूल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को एक उत्तम शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित किया।




शिक्षक दिवस पर दीप प्रज्जवलन करते हुए

...दिव्यांग बच्चों ने अपने शिक्षकों का विशेष सम्मान किया। संस्थान सचिव वेदप्रभा निमराणीया ने बताया कि बच्चों ने विद्यालय के सभी विशेष शिक्षकों का रूप धरकर रोल प्ले किया व सभी शिक्षकों का माला और तिलक लगाकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि संगीत शिक्षक दिनेश पाराशर ने शिरकत की। संचालन प्रीतम ओझा ने किया। शारदा सिंगोदिया, मनीष मेघवाल, पुनीत गौड़, निर्मला वैष्णव, पुखराज, शंकर गुर्जर ने सहयोग किया।

**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को शिक्षक दिवस सप्ताह का आगाज हुआ। आज मनाए गए शिक्षक दिवस के क्रम में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन को याद किया और उनका जीवन वृत्तांत छात्राओं को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय में राजस्थान मिशन 2030 के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का द्वितीय चरण आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम चरण में कक्षावार विजित प्रतिभागियों के मध्य निबंध लेखन किया गया। द्वितीय चरण में विजयी छात्र मंजु कुमावत का नाम जिला स्तर पर होने वाली निबंध लेखन प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य रानू वार्ष्णेय ने विजेता मंजु कुमावत को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया

**बांदनवाड़ा।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच आहूजा एसोसिएट्स के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस पर रेलवे कॉलोनी, महात्मा गांधी व उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट ... ने कहा कि समाज


हिंगोनिया


श्रीनगर


भिनाय


सावर



दैनिक नवज्योति 06.09.2023

# अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में दिनांक 08 सितम्बर 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य ने देश के विकास में साक्षरता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कु. फराह ने स्वंय सेवकों को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व को बताया। उनका मानना था कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक वह अपना बहुमुखी विकास नहीं कर सकता। इसलिए देश में कुछेक राज्य हैं जो शत् प्रतिशत साक्षर हैं। अतः सबको पढाओं, सबको बढाओं वाले स्लोगन के माध्यम से साक्षरता अभियान को जन–जन तक पहुचाने की महती आवश्कयता है। इस विचारगोष्ठी में महाविद्यालय के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा साक्षरता के महत्व एवं निरक्षता को मिटाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अनिता धाकड़

# अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुई व्याख्यान माला



रूपनगढ़. स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुई व्याख्यान माला में मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रूपनगढ़.** कस्बे की स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस विविध कार्यक्रम के साथ मनाया। इस अवसर पर शिक्षा का अधिकार विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन भी किया गया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बी एल देवन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती के चित्रपट्ट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी की मुख्य वक्ता अनीता धाकड़ ने कहा कि साक्षरता कानून व इतिहास व उद्देश्यों की जानकारी सभी को हो। इस मौके पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विस्तार से बताया। डॉक्टर रानू वार्ष्णेय व रमेश मीणा ने परिवर्तन की दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना, टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना इस विषय पर विस्तार से बताते हुए अपने विचार प्रकट किए।

आज का राशिफल

राजस्थान पत्रिका 09.09.2023

# स्वच्छता ही सेवा अभियान

**देशभर में स्वच्छता के राष्ट्रव्यापी अभियान की कड़ी में स्वामी विवेकानंद महिला** महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में दिनांक 15.09.2023 से 02.10.2023 **तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा** मनाया गया । स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न दिनों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम, श्रमदान कार्यक्रम, अपशिष्ट प्रबंधन जागरूकता, कचरा, कचरा पात्र में, अभियान स्वच्छता रैली आदि का आयोजन किया गया।



## स्वच्छता गतिविधि का सम्पादन










पौधों की साफ–सफाई










# Swatchhta Pledge Taking Event












स्वच्छता के प्रति जागरूकता






स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन











# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 23 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा डॉ. रानू वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नंवा में जाकर श्रमदान किया गया तथा बाल–विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन ग्रामीणों के बीच किया गया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों को जलपान कराया गया।








नुक्कड़ नाटक का मंचन





श्रमदान मगरी का बालाजी नंवा

२४/९/२०२३

श्रीमुनिसुव्रतनाथ मंदिर में श्रीजी का अभिषेक-शांतिधारा व पूजन किया

# भक्तों द्वारा पंच परमेष्ठी, उत्तम तप धर्म की आराधना



पंच परमेष्ठी, मूलनायक मुनिसुव्रतनाथ भगवान, महावीर भगवान, पार्श्वनाथ भगवान, आचार्य वर्धमान सागर महाराज, पद्मावती माता एवं क्षेत्रपाल बाबा की वीर संगीत मंडल की आरती की। अध्यक्ष विनोद पाटनी ने शास्त्र वाचन करते हुए कहा कि सत्य कंठ का आभूषण है। सत्य मात्र देखने, जानने, समझने, सुनने-सुनाने का विषय नहीं, अपितु जीवन में ढालने, सजाने, उतारने का विषय है। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, सुभाष बड़जात्या, महावीर प्रसाद, कैलाश सहित अन्य मौजूद रहे। शिवाजी नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर में पार्श्वनाथ भगवान का कलशाभिषेक किया। महिलाओं व पुरूषों ने देवशास्त्र, पंचमेरु, सोलहकारण, गुरु पूजा, दशलक्षण विधान पूजा, नवदेवता पूजा की। इस मौके पर धर्मचंद पाटोदी, प्रवीण छाबड़ा, पवन कुमार, अनुज कुमार झांझरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया

रूपनगढ़| रूपनगढ़ में शनिवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।



महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस शिविर के प्रथम सत्र में एन.एस.एस. का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी फराह ने स्वंयसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं और अन्य विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जोर-शोर से नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम प्रभारी के निर्देशन में [illegible] में जाकर [illegible] किया गया तथा बाल-विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु [illegible] नाटक का मंचन किया गया। अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. [illegible] द्वारा छात्राओं को विद्यार्थी जीवन के महत्व को समझाते हुए उसमें अनुशासन एवं पूर्ण लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

दैनिक भास्कर 24.09.2023

# महात्मा गांधी जयंती

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 2 अक्टूबर, 2023 को  राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनायी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने की। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. देवन्दा ने वर्तमान में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय गांधीयन विचार था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भाषण प्रस्तुत किये एवं अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अंत कार्यक्रम प्रभारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।




महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के कार्यक्रम में
दीप प्रज्जवलित करते हुए स्टाफ सदस्य




गांधीयन विचार पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
में भाग लेते हुए प्रतिभागी



दैनिक भास्कर

# महिला महाविद्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं स्वामी विवेकानंद शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेंदा व अध्यक्ष बजरंग ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय गांधियन विचार था।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी फराह ने अलग-अलग चार टीमें बनाई एबीसीडी चारों टीमों में 6-6 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता टीम ए रही कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किया साथ ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर देवेंदा ने छात्र-छात्राओं को गांधी जी की विचारधारा पर चलने के लिए प्रेरित किया प्राचार्य डॉ. रानू व महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने छात्र-छात्राओं को गांधी जी के विचारों से विस्तार से अवगत कराकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

**श्रमदान किया:** रूपनगढ़ में सोमवार को महात्मा गांधी की जयंती पर स्कूली छात्र- छात्राएं व शिक्षकगण, कर्मचारियों, अधिकारी एवं आमजन सोमवार को कस्बे की ग्राम पंचायत रूपनगढ़ के प्रांगण में एकत्रित हुए। उपखण्ड अधिकारी सुखराम पिंडेल, रूपनगढ़ सरपंच इकबाल छीपा, रूपनगढ़ तहसीलदार हितेश चौधरी, पीईईओ सावित्री मालपानी आदि ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर गांधीजी को याद किया। अतिथियों ने छात्र- छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुराने बस स्टैंड से होते हुए उपखण्ड कार्यालय के प्रांगण में पहुंची और सर्व धर्म की प्रार्थनाएं सामूहिक रूप से करवाई।

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती मनाई।

किशनगढ़. केकड़ी जिला

# अजमेर जिला फिर बना विजेता

मदनगंज किशनगढ़। उदयपुर में आयोजित राजस्थान राज्य जूनियर बालक व बालिका वर्ग शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 12 जिलों की टीमों ने भाग लिया। जहां अजमेर बालिका टीम ने भीलवाड़ा को सीधे सेटों मे 16, 21 व 10, 21 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। बालिका वर्ग में गर्ल्स ऑफ द टूर्नामेंट में सुभाष क्लब किशनगढ़ व अजमेर जिले की कप्तान शिरीन खान रही। प्रतियोगिता में रिया जोरम, भूमिका राव, नव्या यादव व डिंपल राठौर का खेल सराहनीय रहा। बालक वर्ग में अजमेर जिले की टीम ने जयपुर व नागौर को हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन हनुमानगढ़ की टीम से हार गई। दोनों टीमों के किशनगढ़ पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया, इसके बाद सुभाष क्लब पावर हाउस खेल मैदान पर कार्यक्रम आयोजित कर सभी गर्ल्स का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में अजमेर जिला शूटिंग बोर्ड संघ के मुख्य संरक्षक कैलाश अग्रवाल, अजमेर जिला संरक्षक धन्नालाल यादव, अजमेर जिला अध्यक्ष सर्वेश्वर अग्रवाल, अजमेर जिला सचिन मोहम्मद शकी, अजमेर जिला उपाध्यक्ष राशिद, अजमेर जिला सह सचिव गोपाल यादव, अजमेर जिला कार्यकारिणी मेंबर इमामुद्दीन उर्फ पप्पू, सुभाष क्लब के सेक्रेटरी अशोक अग्रवाल, दामोदर जोरम, दीदार अली, हनुमानलाल प्रजापत, किशन प्रजापत, पवन शर्मा, कमल शर्मा, शांतिलाल कुमावत, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, पिंकी नांगलिया, प्रेरणा राठौर सृष्टि जोरम, मुस्कान कठेड़ आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता शुरू

अराई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में 67वीं जिला स्तरीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 17 वर्ष एवं 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की शुरुआत जिला परिषद सदस्य नाथू गुवाद, खेल संयोजक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य बजरंग लाल देहरु, भामाशाह चंद्र प्रकाश साहू और गोपी लाल झांझड़ा के सानिध्य में हुआ। खेल प्रभारी रामा किशन जाट ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अजमेर जिले से 20 टीमों के स्केटर खेल प्रतिभागी भाग ले रहे है।

दैनिक भास्कर दिनांक 03.10.2023




गांधीयन विचार पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
में विजेताओं को पुरस्कार वितरण करते हुए

# अमृत कलश यात्रा

दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत काल में देश के वीर शहीदों को समर्पित ''मेरी माटी मेरा देश अभियान'' के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से मंगवाई गई एक मुट्ठी मिट्टी और चावल को अमृत कलश में एकत्रित करवाया गया तथा पंच प्राण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई | प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा स्थापित अमृत कलश की मिट्टी को नई दिल्ली की अमृत वाटिका में रखा जाएगा तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का यह प्रयास सफल बनाया जाएगा | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा बताया गया कि यह सिर्फ कार्यक्रम भर नहीं बल्कि विद्यार्थियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने व इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन है |



अमृत कलश यात्रा पर उपस्थित स्वंय सेविकाऐं एवं स्टाफ सदस्य



अमृत कलश में मिट्‌टी एवं चावल डालते हुए
स्वंय सेविकाऐं एवं स्टाफ सदस्य



सहयोग ऑटो टिपर की मांग की थी। विधायक रामस्वरूप लांबा ने ... कैंटोनमेंट क्षेत्र में आवश्यकता को देखते हुए नगरपालिका द्वारा ऑटो टिपर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। जिसके चलते शुक्रवार शाम को नगरपालिका अध्यक्ष अनीता मित्तल, अधिशाषी अधिकारी भगवत सिंह परमार एवं पार्षदगण तीनों ऑटो टीपर लेकर कैंटोनमेंट पहुंचे। पार्षद महेन्द्र डाबी ने बताया कि कैंटोनमेंट की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों को प्रशिक्षण



देराठू। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देराठू में एसएमसी और एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सरपंच विजेन्द्र सिंह राठौड़ के आतिथ्य में किया गया। ग्राम पंचायत के अधीन सभी विद्यालयों के एसएमसी एवं एसडीएमसी के सदस्यों ने शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण लिया। दक्ष प्रशिक्षक कौशल्या देवी यादव प्रधानाचार्य झडवासा एवं चन्द्रशेखर व्याख्याता श्रीनगर ने प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य संगीता तिवारी ने संभागियों का स्वागत और अभिनंदन करके प्रशिक्षण की महत्ता बताई। शिक्षक मोतीलाल ने बताया की सदस्यों की क्षमता संवर्धन करने के लिए हर वर्ष प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। इस मौके पर उपसरपंच सुरेन्द्र कसाणा, महात्मा गांधी स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल गोयल, सुषमा सोनी, सोनिया मित्तल मौजूद रहे।

## अमृत कलश यात्रा निकाली



**रूपनगढ़।** विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत काल में देश के वीर शहीदों को समर्पित "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत यात्रा निकाली गई। विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने एक मुट्ठी मिट्टी और चावल को अमृत कलश में एकत्रित करके पांच प्राण की प्रतिज्ञा ली गई। प्राचार्य डॉक्टर रानू वार्ष्णेय ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा स्थापित अमृत कलश की मिट्टी को नई दिल्ली की अमृत वाटिका में रखा जाएगा तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास सफल बनाया जाएगा। प्रभारी रमेश मीणा के अनुसार यह केवल एक कार्यक्रम नहीं अपितु विद्यार्थियों के लिए भारत के भविष्य से जुड़ने व इसकी महानता में योगदान देने का एक साधन भी है।

## चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ



पुष्कर। मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं रोटरी ई-क्लब भांकरोटा पुष्कर द्वारा राजपूत सेवा सदन में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा जांच कैम्प एवं वरिष्ठ चिकित्सक ... शिविर का आयोजन किया गया। ...

रवि पुत्र किशन लाल चौरोटिया को भी शांति भंग में गिरफ्तार किया।

... के सहयोग से दिव्यांग बच्...

# बकरी शेड का फर्जी भुगतान उठा...

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, गांगलियावास**

लीडी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गत दिनों से फर्जी बकरी शेड मामला चर्चा में आया हुआ है। शिकायत दर्ज कराए जाने की 8 दिन बाद आखिर शुक्रवार को पीसांगन पंचायत समिति से दो सदस्यीय दल जांच के लिए पहुंचा और मौका मुआयना किया।

गत सप्ताह लीडी निवासी प्रभुलाल रेगर ने जिला कलक्टर अजमेर और जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी को शिकायत दर्ज कर बताया कि लक्ष्मी पत्नी महेंद्र रेगर द्वारा राज्य सरकार द्वारा बकरी शेड निर्माण किए बिना ही भुगतान उठा लिया गया। जिसकी जांच कराई जाए। इस पर कार्यवाही नहीं होती देख गुरुवार को शिकायतकर्ता ने पीसांगन उपखंड अधिकारी को भी ज्ञापन देकर बताया कि अजमेर शिकायत किए जाने के बाद लक्ष्मी देवी द्वारा बकरी शेड बनाना आरंभ कर दिया गया है। जबकि पहले ऐसा कुछ नहीं था। इसकी शीघ्र जांच करवाई जाए। उपखंड अधिकारी पीसांगन द्वारा विकास अधिकारी पीसांगन को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाने के बाद शुक्रवार को अतिरिक्त विकास



लीडी में घटनास्थल का म...

अधिकारी महेंद्र मालाकार ... लिपिक नजीर चीता, जेईएन ... सोनी ने मौके पर पहुंचकर जां... कर दी। जांच टीम ने शिका... सहित ग्रामीण और ग्राम पंचाय... लक्ष्मी देवी के बयान दर्ज कि... ग्राम पंचायत से रिकॉर्ड लेकर... जांच पूर्ण करते हुए रिपोर्ट... अधिकारियों को सौंप दी... अधिकारियों से मिली जानका... अनुसार बकरी शेड की शिकाय... जाने पर मौके का स्थिति देख... जिसमें पाया गया कि बकरी शे... में बना हुआ था। जिसकी नींव... दीवार मौके पर थी और शिका... बाद लक्ष्मी देवी द्वारा वापस ... निर्माण आरंभ करवाया जा र...

# भावपूर्ण ओडिसी नृत्य ने किया मंत्रमु...



### नृत्यांगना बरनाली शाह ने छात्राओं को सिखाई नृत्य की बारीकियां

को भावविभोर कर दिया। नृत्यां... बरनाली शाह ने छात्र-छात्राओं ... ओडिसी नृत्य से संबंधित विद्या... बारीकियों व भाव भंगिमाओं की ...

दैनिक नवज्योति दिनांक 07.10.2023

# वित्तीय शिक्षा और साइबर क्राइम पर कार्यशाला

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व निवेशक सप्ताह 2023 के तहत् SEBI एवं NCDEX द्वारा आयाजित वित्तीय शिक्षा और साइबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया। जिसकी मुख्य वक्ता शकुन्तला देवी पारीक रही। श्रीमती पारीक ने कार्यशाला में बैंक, पोस्ट ऑफिस, सुकन्या समृद्वि योजना, म्यूच्यूअल फण्ड, स्टॉक मार्केट एवं इसमें होने वाले फायदे एवं नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चिटफंड पोंजी स्कीम, नेटवर्क मार्केटिंग इत्यादि में निवेश करने से पहले उनकी रिस्क को पहचाने कि सलाह दी तथा रूलऑफ 72 का उपयोग करना सिखाया, ताकि हम खुद निकाल सके कि हमारा पैसा कब दुगना होगा। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी का मुख्य कारण है।

श्रीमती पारीक ने बताया कि सुरक्षित निवेश किस तरह से करें तथा धोखाधडी करने वाली कम्पनियों से व ऑन लाइन ट्रेडिंग से सावधान रहे। समारोह के महाविद्यालय के सचिव डॉ. बी.एल देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, समस्ता स्टाफ सदस्य, स्वंय सेविकाऐं अन्य छात्राएँ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

pनगढ़



## ों पर माता के भक्त करेंगे पूजन और आराधना

# व घरों में घट स्थापना



र सड़क किनारे नवरात्र के मद्देनजर तैयार की गई पत्रिका

तुष्टय मन, त्याग ष्माण्डा देवी जन किया

■ **पंचमी :** इन्द्रियों के पांच विषयों अर्थात शब्द रूप रस गंध स्पर्श का त्याग करते हुए स्कन्दमाता का ध्यान एवं पूजन किया जाता है।

■ **षष्ठी :** काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ एवं मात्सर्य का परित्याग करके कात्यायनी देवी का ध्यान एवं पूजन करते हैं।

■ **सप्तमी :** रक्त, रस, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा एवं शुक्र इन सप्त धातुओं से निर्मित क्षण भंगुर दुर्लभ मानव देह को सार्थक करने के लिए कालरात्रि देवी की आराधना एवं पूजन किया जाता है।

■ **अष्टमी :** ब्रह्म की अष्टधा प्रकृति पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि एवं अहंकार से परे महागौरी के स्वरूप का ध्यान करते हुए ब्रह्म से एकाकार होने की प्रार्थना की जाती है।

■ **नवमी :** मां सिद्धिदात्री की आराधना एवं पूजा की जाती है।

## जन सामग्री की हुई अच्छी खरीदारी

# । और दिल्ली की ढ़ेंगी मातारानी





## साइबर क्राइम से बचाव की दी जानकारी



रूपनगढ़. कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती मुख्य वक्ता। पत्रिका

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय एवं शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व निवेशक सप्ताह के तहत कार्यशाला हुई।

इसमें मुख्य वक्ता शकुंतला पारीक रहीं। उन्होंने बैंक, पोस्ट ऑफिस, सुकन्या समृद्धि योजना, म्युचुअल फंड, स्टॉक मार्केट एवं इसमें होने वाले फायदे तथा नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने चिटफंड पूंजी स्कीम व नेटवर्क मार्केटिंग आदि में निवेश करने से पहले उनकी रिस्क को पहचानने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम ऑनलाइन ठगी का मुख्य कारण है। मुख्य अतिथि डॉ. बी. एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, रमेश मीणा, डॉ. रानू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन आज से, खनकेंगे डांडिए

**श्रीनगर @ पत्रिका.** कस्बे में आदर्श नवयुवक मंडल की ओर से शारदीय नवरात्रि पर बस स्टैंड स्थित रंगमंच पर रामलीला का आयोजन होगा। मंडल अध्यक्ष महावीर मेघवंशी ने बताया कि रात्रि 8 बजे श्रीनगर प्रधान कमलेश गुर्जर, गढ़ी वाली माताजी मन्दिर के पुजारी गौरीनाथ बाबा आदि की ओर से शुभारम्भ किया जाएगा।

रामलीला को लेकर तैयारी शनिवार को पूर्ण कर ली गई। रामलीला रंगमंच भी एक दिवस पूर्व रोशनी की जगमगाहट से नहाया



श्रीनगर में रामलीला मंचन से एक दिन पूर्व शनिवार को रोशनी की

राजस्थान पत्रिका दिनांक 15.10.2023

# रक्तदान शिविर

**किशनगढ़ @ पत्रिका.** रूपनगढ़ के स्थानीय स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय बालिका और मतदाता ... मनाया गया। महाविद्यालय ... राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया जिसके उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक और डॉ. रेणु वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से विद्यार्थियों को जोड़ा जाता है ताकि शिक्षा के साथ अन्य गुणों का विकास भी हो। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाते हुए बताया कि पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लें। लोकतांत्रिक जीवन मूल्यों को सीखें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया। मानसिक शक्ति के विकास और एकाग्रता हेतु राधे रानी तिवारी द्वारा ध्यान और ॐ ध्वनि का उच्चारण करवाया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करके साफ सफाई की गयी तथा पौधों की सार सम्भाल करके क्यारियां बनायी गयी। शारीरिक स्फूर्ति हेतु सतोलिया खेल का आयोजन किया गया। तदनन्तर गोद लिए गए ग्राम मगरी का बालाजी नुवां तथा राई का बाग क्षेत्र में कैंप का कार्य किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में बसे ग्रामीण परिवारों की महिलाओं से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया।

## उपखंड स्तरीय ग...

# गणतंत्र... किया ...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मदनगंज-किशनगढ़.** उपख... स्तरीय गणतंत्र दिवस का मु... समारोह आज आरपीटीएस ग्राउंड... होगा। समारोह की लगभग स... तैयारियां पूरी कर ली गई है। समा... में बैठने इत्यादि के लिए टेंट ... कुर्सियों के साथ ही मंच भी तैयार... दिया गया है। मार्च पास्ट, सामू... व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम... लिए करीब 1600 बच्चों ने तैया... की है और सभी ने अपने ... अंतिम रिहर्सल इत्यादि भी किए...

कार्यक्रम समन्वयक अ... पारीक ने बताया कि आरपी... मैदान में आयोजित मुख्य समार... उपखंड अधिकारी सुनील ... चौहान सुबह 9.30 बजे ध्वजा... करने के साथ मुख्य समारोह ... होगा। समारोह में विभिन्न विद्य... के छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट... प्रदर्शन करेंगे। विभिन्न शाला... छात्र-छात्राओं की ओर से सा... शारीरिक व्यायाम प्रस्तुत ... जाएगा। समारोह के मुख्य ... उपखंड अधिकारी सुनील ...

राजस्थान पत्रिका 26 जनवरी 2024

26/1/24 दैनिक नवज्योति
















गोस्वामी ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आगामी चुनावों में निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. सोहनलाल, डॉ. नन्दकिशोर, डॉ. धर्मेन्द्र, डॉ. अनुपमा सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। इसी प्रकार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर बालिकाओं को मतदान संबंधी जानकारी देकर मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बालिकाओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसे प्रधानाचार्य कुंजलता सारस्वत ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में बालिकाओं ने आम जन को निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया।

**पुष्कर।** गायत्री शक्तिपीठ कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुरेश वैष्णव ने स्वयंसेवी छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी विजय लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि कॉलेज की छात्राओं को मतदाता दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का एलईडी पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। इधर, भाजयुमो की ओर से पुष्कर विधानसभा क्षेत्र का नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वंचित मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पीएम मोदी का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, अमित भंसाली ने शिरकत की।

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय बालिका और मतदाता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर में उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक और डॉ. रेणू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाई। स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर-के साफ सफाई की गई तथा पौधों की सार सम्भाल करके क्यारियां बनाई गई। सतोलिया खेल का आयोजन किया गया। तदनन्तर गोद लिए गए ग्राम मगरी का बालाजी नुवां तथा राई का बाग क्षेत्र में कैंप का कार्य किया गया। शिविर के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक द्वारा स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। स्वयंसेविका पिंकी ने ईवीएम और वीवीपेट मशीन के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया।

**मसूदा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समारोह में मतदाताओं सहित बीएलओ व सुपरवाइजर का सम्मान किया गया। उपखंड अधिकारी भरत राज गुर्जर सहित अधिकारियों ने नव मतदाताओं सहित सभी को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान विकास अधिकारी मातादीन मीणा, तहसीलदार श्यामलाल आमेटा, तहसीलदार शिल्पा चौधरी, नायब तहसीलदार संतोष कुमार, उपखंड कार्यालय के कर्मचारी जितेंद्र शर्मा, संजय वर्मा, दुष्यंत सिंह राठौड़, सहदेव चौधरी, कैलाश टेलर उपस्थित रहे। इसी प्रकार अंधेरी देवरी स्कूल में मतदाता दिवस मनाया गया। पीईईओ भगवान सहाय जारोडिया ने संबोधित किया।

**रामसर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। वरिष्ठ अध्यापक शोभाग चन्द द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कुमार धौलपुरिया, व्याख्याता कुसुम जैन, मोहन प्रकाश शर्मा, सुश्री अंजली, मोहम्मद शहजाद, संतोष धाभाई, वन्दना गौतम, शोभाग चन्द, दुर्गालाल, चांद मल, सुरेन्द्र चौधरी, कृष्णकांता, शशिकला, शमीना, शाहिना, सुरेन्द्र सिंह, महेंद्र चौधरी, ललित यादव, नरेंद्र ... में बूथ लेवल अधिकारी चान्दमल खारोल ने नव मतदाताओं को शपथ दिलवाई। इसी प्रकार कोटड़ी में बूथ लेवल अधिकारी अनवर हुसैन ने नव मतदाताओं को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर मीना कुमारी, शिवराज चौधरी, राजेश कुमार, गणेश कुमार, रामस्वरूप झारोटिया, अनिता कुमारी, पिस्ता वैष्णव आदि मौजूद थे।

**राजोसी-सराधना।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराधना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अंतर्गत मतदाता वार्ता का आयोजन किया गया। स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर रामदेव कालेल ने मतदाता शपथ दिलाई। साथ ही सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मेघराज मुंडवाडिया, राजकुमार शर्मा, रमेश चंद मीणा, हेमलता, संजू जेदिया आदि मौजूद थे।

**सतावड़िया।** निर्वाचन विभाग द्वारा क्षेत्र के विभिन्न पोलिंग बूथों पर गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। नव मतदाताओं का माल्यार्पण कर मतदान के लिए शपथ दिलाई। बीएलओ सरवन सिंह रावत ने बताया कि ग्राम सतावड़िया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पोलिंग बूथ पर पीईईओ शिल्पी टाक की अध्यक्षता में शपथ दिलाते मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

**गोविंदगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में प्रधानाचार्य हरि पूजन गुर्जर व बीएलओ प्रभारी सुरजीत पाराशर के सानिध्य में नए मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य गुर्जर ने नए मतदाताओं का माल्यार्पण कर व मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया। इस मौके पर बीएलओ अल्ताफ अहमद कुरेशी, भगवान सिंह शेखावत आदि मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति 26 जनवरी 2024

# <u>सप्त दिवसीय शिविर का तृतीय दिवस एवं गणतंत्र दिवस</u>

दिनांक 26.1.2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रुपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 75 वा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया | महाविद्यालय से डॉक्टर रेणु वार्ष्णेय एवं डॉ कोमल पारीक ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ पवित्र तिरंगे को प्राचार्य, समस्त व्याख्यातागण, कर्मचारी और विद्यार्थियों के द्वारा सलामी दी गई | महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवन्दा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने अपने अपने भाषण में युवाओं से आह्वान किया कि वह अपनी शक्ति को पहचाने व राष्ट्र निर्माण में अपने कार्यों को समर्पित करें | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है | संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की महानता को समर्पित गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन हेतु प्रेरित करता है | महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस पर "मेरे सपनों का भारत" विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार प्रकट किया | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, महाविद्यालय स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे |




गणतंत्र दिवस पर ध्वजा रोहण करते हुए



सांस्कृतिक कार्यक्रम




लेखन प्रतियोगिता




अल्पाहार ग्रहण करते हुए स्वंयसेविकाएँ

# सप्त दिवसीय शिविर का चतुर्थ दिवस

दिनांक 27.1.2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन था | प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए योग, मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती अनीता धाकड़ द्वारा स्वयंसेविकाओं को योग व मेडिटेशन करवाया गया | "रघुपति राघव राजा राम" पर सभी स्वयंसेविकाओं तथा स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक कीर्तन किया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने सभी को सामूहिक कीर्तन के महत्व से अवगत करवाते हुए बताया कि इसकी सहायता से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करने का यह एक महत्वपूर्ण साधन है | द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया तथा सतोलिया खेल का आनंद सामूहिक रूप से लिया | तृतीय सत्र में स्वंयसेविकाओं के मध्य समूह चर्चा का आयोजन किया गया। श्रीमती निकिता सोलंकी के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं के एक समूह द्वारा भोजन तैयार किया गया तथा सामूहिक भोजन का कार्यक्रम हुआ | अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रगान के साथ चतुर्थ दिवस के कार्यक्रमों का समापन किया गया |

## स्वंयसेविकाएँ श्रमदान करते हुए



















भोजन तैयार करती हुई स्वंयसेविकाएँ




समूह चर्चा करते हुए स्वंयसेविकाएँ

# सप्त दिवसीय शिविर का पंचम दिवस

दिनांक 28.1.2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिन था | प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए योग, मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती अनीता धाकड़ द्वारा स्वयंसेविकाओं को योग व मेडिटेशन करवाया गया | द्वितीय सत्र में सेल्फ मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ब्यूटीशियन श्रीमती गंगा कुमावत ने व्यक्तिगत स्वच्छता, मेकअप टिप्स व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की तथा बताया कि घर पर ही रहकर अपने अंदर कौशल को विकसित कर किस प्रकार एक महिला आजीविका अर्जित कर सकती है | तृतीय सत्र में स्वंयसेविकाओं ने केंप क्षेत्र के आस–पास के क्षेत्र में श्रमदान किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियॉ दी तथा स्थानीय खेलों का आनंद लिया।




ब्यूटिशियन गंगा कुमावत द्वारा स्वंयसेविकाओं को स्वरोजगार की जानकारी प्रदान करते हुए






सेल्फ मेकअप प्रतियोगिता





रैली हेतु तख्तियाॅ तैयार करती हुए स्वंयसेविकाएँ





श्रमदान

# सप्त दिवसीय शिविर का षष्ट् दिवस

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर में दिनांक 29 जनवरी 2024 को प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग और मेडिटेशन करवाया गया तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया | स्वयंसेविकाओं को फलाहार करवाया गया | द्वितीय सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव के विभिन्न रास्तों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने "Not me but you", "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ", "विकसित भारत", "स्वच्छता जागरूकता" के संबंध में जोर शोर से नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया | तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्थानीय ऐतिहासिक स्थल रूपनगढ़ किला का भ्रमण किया | किले में स्वयंसेविकाओं की पहचान प्राचीन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से हुई | छात्राओं ने गाइड महोदय से अनेक प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने भ्रमण के महत्व से अवगत करवाते हुए स्वयंसेविकाओं को बताया कि यह संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से देखी गई चीजों का अनुभव, सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं | तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक भोजन किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ | कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर कोमल पारीक डाक्टर रानू वार्ष्णेय व समस्त महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा |


स्वयं से पहले आप
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़
सात दिवसीय विशेष शिविर
Shot on OnePlus
By SVMCollege

जागरूकता रैली


Shot on OnePlus
Roopangarh,Ajmer Division 2024.01.29 12:15
By SVMCollege

ऐतिहासिक स्थल रूपनगढ़ किला का भ्रमण करती हुई स्वंयसेविकाएँ





















भोजन तैयार करती हुई स्वंय सेविकाएँ



दोपहर 1 बजे ही सेंटर को बन्द करके निकल जाती है। मैने एएनएम को चार बार फोन लगाया

-डॉ. शैलेंद्र लाखन, चिकित्सा अधिकारी मसूदा

# इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नसीराबाद**

भवानीखेड़ा मार्ग स्थित शिक्षा दा कान्वेंट स्कूल में सोमवार से तीन दिवसीय इंटर हाउस प्रतियोगिता आरम्भ हुई। प्रधानाचार्य जयराम सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, डांसबॉल, क्रिकेट, स्पून रेस, बाग रेस, लॉन्ग जम्प आदि प्रतियोगिताएं होगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम दिन कबड्डी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में व्हाइट हाउस एवं येलो हाउस विजेता रहे। कबड्डी छात्रा वर्ग में शानदार प्रर्दशन किया। खो-खो में रेड एवं येलो की छात्रा विजेता रही। इस मौके पर जयराम रावत ने कहा कि खेल मैदान में खेलने से बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है एवं खेल में विजयी होने के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। 30/1/24






## छात्राओं ने रूपनगढ़ में निकाली जागरूकता रैली

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर लगाया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग और ध्यान का अभ्यास करवाया गया। गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पर जागरूकता रैली निकाली गई। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्थानीय ऐतिहासिक किले का भ्रमण किया। किले में स्वयंसेविकाओं की पहचान प्राचीन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से हुई। छात्राओं ने गाइड से अनेक प्रश्न पूछ कर जिज्ञासा को शांत किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने भ्रमण के महत्व से अवगत करवाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. कोमल पारीक व डा. रानू वार्ष्णेय का निर्देशन व समस्त महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

बड़ी दीक्षा कल

दैनिक नवज्योति 30 जनवरी 2024

# सप्त दिवसीय शिविर समापन

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 30 जनवरी 2024 को एनएसएस इकाई के द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया | जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक व डॉक्टर रानू वार्ष्णेय रहे | कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व रघुपति राघव राजा राम पर सामूहिक कीर्तन किया गया | डॉ बीएल देवेन्दा ने बताया कि कीर्तन की सहायता से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करने का यह एक महत्वपूर्ण साधन है | द्वितीय सत्र हस्त सिलाई का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती गंगा कुमावत ने व्यक्तिगत स्वच्छता, सिलाई टिप्स व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्रदान की । तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए | डॉक्टर कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व वह चरित्र का विकास होता है | तत्पश्चात बारी-बारी से स्वयंसेविकाओं ने अपने शिविर के सातों दिवस के अनुभव को सभी के साथ साझा किया | अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर के सातों दिवस का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिविर में भाग ले रही सभी स्वयंसेविकाओं का आभार व्यक्त कर शिविर की सफलता की बधाई दी | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा |




सामूहिक कीर्तन व व्यायाम करती स्वंयसेविकाएँ





भोजन तैयार करते हुए तथा सामूहिक भोजन करती हुए छात्राऐं







एन.एस.एस. केंप में उपस्थित स्वंयसेविकाएँ




मानव श्रृंखला बनाती हुई स्वंय सेविकाएँ



एन.एस.एस. केंप में उपस्थित स्वंयसेविकाएँ



कार्यक्रम में प्राचार्य सीपी पोखरना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर प जितिन कुमार, सविता पारीक, शंकर लाल चौधरी, रणजीत सिंह चौहान, मंजू चौधरी, शंकरलाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

31/1/24 दैनिक भास्कर

## कीर्तन मानसिक तनाव को कम करता है

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में मंगलवार को एनएसएस इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ.बी एल देवंदा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक व डॉ. रानू वार्ष्णेय रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व रघुपति राघव राजा राम पर सामूहिक कीर्तन किया गया। डॉ. बीएल देवंदा ने बताया कि कीर्तन की सहायता से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
कॉर्पोरेट कार्यालय: संपदा विभाग
दूरभाष: 044 – 2813 4306/4301/4401
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
इंडियन बैंक वेलाचेरी मेन रोड, वेलाचेरी, चेन्नई-४२ में पुरानी इमारत को ध्वस्त करने के बाद मौजूदा वेलाचेरी शाखा के लिए नई शाखा सह आवासीय भवन के निर्माण के लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से दो बोली प्रणाली (तकनीकी और मूल्य बोली) में ई-निविदा आमंत्रित करता है। विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.indianbank.in/tenders देखें। इस निविदा से संबंधित सभी आगे की अधिसूचनाएं, शुद्धिपत्र या परिशिष्ट (यदि कोई हो) हमारी वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा प्रक्रिया के दौरान समय पर वेबसाइट देखें।
सहायक महाप्रबंधक (संपदा)

दैनिक भास्कर 31.01.2024

# कैरियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में दिनांक 5 फरवरी 2024 को कैरियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। छात्राओं को ग्रेजुएशन के पश्चात किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराने के लिए राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय बांदरसिंदरी से डॉक्टर एसएस राठौर तथा उनकी टीम के सदस्य आए। उन्होंने छात्राओं को ग्रेजुएशन करने के पश्चात विषयों के चयन तथा उसकी प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया । छात्राओं के द्वारा किए गए प्रश्नों का निराकरण भी किया गया । अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।






कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य

दैनिक भास्कर

किशनगढ़ 06-02-2024

# कॅरियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम में दी पाठ्यक्रमों की जानकारी

भास्कर न्यूज़ | रूपनगढ़



रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को कैरियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि छात्राओं को ग्रेजुएशन के पश्चात किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराने के लिए राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय बांदरसिंदरी से डॉक्टर एस.एस.राठौड तथा उनकी टीम के सदस्य आए थे। उन्होंने छात्राओं को ग्रेजुएशन करने के पश्चात विषयों के चयन तथा उसकी प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया। छात्राओं के द्वारा किए गए प्रश्नों का भी निराकरण किया गया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम

दिनांक 1 मार्च 2024 को कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के द्वारा चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने व प्रचार प्रसार करने हेतु इस कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं के मध्य मतदाता जागरूकता के संबंध में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए नारे लिखे । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा स्वयंसेविकाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया । महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।




स्लोगन प्रतियोगिता




मतदाता शपथ लेते हुए स्वंय सेविकाएँ एवं स्टाफ सदस्य



# मतदाता जागरूकता के लिए हुई स्लोगन प्रतियोगिता




रूपनगढ़ @ पत्रिका. कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के द्वारा चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने व प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं के मध्य मतदाता जागरूकता के संबंध में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए नारे लिखे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक व प्रभारी रमेश मीणा ने स्वयंसेविकाओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत करवाया।

राजस्थान पत्रिका 02.3.2024

# कौशल विकास योजना 4.0 पर सेमिनार

दिनांक 4 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में बीबीसी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत उच्च शिक्षा के साथ कौशल विकास में बढ़ावा देने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा छात्राओं को कौशल विकास एवं एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से अवगत करवाया गया, निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी गई एवं रजिस्ट्रेशन फॉर्म भी भरवा गए । साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत मेरा पहला वोट देश के कार्यक्रम के तहत चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने में प्रचार प्रसार करने हेतु महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं स्वयंसेविकाओं को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा मतदाता शपथ दिलवाई गई । शपथ में सभी के द्वारा यह प्रण लिया गया कि धर्म, मूलवंश,जाति, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी अपने मताधिकार का निष्पक्ष प्रयोग करेंगी । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।




रजिस्ट्रेशन फार्म भरवाते हुए छात्राऍ

मेहरा, हरिकिशन ग, दीपक मेहरा, शुभम मेहरा, राम कुमार कहार, कस्तूरचंद कहार, प्रभुलाल कहार, अमन मेहरा सहित अन्य मौजूद थे।

का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक धौलपुरिया ने बताया कि रामसर उमावि के 68, मावशिया विद्यालय के 26, तिलाना के 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

उसका परिचित था। आरोपी शेखावत ने परिवादी गोकुल सिंह से अक्टूबर 2018 में उधार राशि ली थी। भुगतान पेटे आरोपी शिवराज सिंह ने बैंक के चैक दे दिए। भुगतान के लिए परिवादी ने

दैनिक भास्कर 5/3/24

# कौशल विकास में बढ़ावा देने के लिए हुई सेमिनार



रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को बीबीसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत उच्च शिक्षा के साथ कौशल विकास में बढ़ावा देने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि मुख्य वक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा एवं निष्कर्ष वर्मा द्वारा छात्राओं को कौशल विकास एवं एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से अवगत करवाया गया। निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी गई एवं रजिस्ट्रेशन फॉर्म भी भरवा गए। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के तहत चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने में प्रचार प्रसार करने हेतु महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं स्वयं सेविकाओं को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह द्वारा मतदाता शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

दैनिक भास्कर 05.03.2024

# <u>अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस</u>

दिनांक 7 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया । महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से ही महिला को सशक्त बनाया जा सकता है जो कि चुनौतियों पर काबू पाकर और बाधाओं को तोड़कर अपना विकास कर एक सशक्त समाज का निर्माण करेंगी । इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा कविता पाठ समूह गीत व भाषण आयोजित किए गए । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने द्रौपदी मुर्मू , किरण बेदी, झांसी की रानी के किरदार के बारे में छात्राओं को अवगत कराया तथा महिला जागरूकता के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा सभी को इस वर्ष की महिला दिवस थीम इंस्पायर इंक्लूजन के बारे में अवगत कराया गया । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में डॉ रानू वार्ष्णेय ,डॉक्टर हेमराज बैरवा ,व समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे ।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. हेमराज बैरवा

# ा में श्रेष्ठ हैं : डॉ भारती दीक्षित

## शिक्षा को बढ़ावा देने से ही महिलाएं बनेंगी सशक्त

रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस मौके पर महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से ही महिला को सशक्त बनाया जा सकता है। जिससे चुनौतियों पर काबू पाकर और बाधाओं को तोड़कर अपना विकास कर एक सशक्त समाज का निर्माण करेंगी। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया तथा कविता पाठ समूह गीत व भाषण आयोजित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कोमल पारीक ने महिला जागरूकता के संदर्भ में विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला।




एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह द्वारा सभी को इस वर्ष की महिला दिवस थीम इंस्पायर इन्क्लूजन के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ.रानू वार्ष्णेय , डॉ.हेमराज बेरवा व समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को लोक अदालत की दी जानकारी

भास्कर न्यूज, रूपनगढ़| ग्राम थल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को अपने अधिकार एवं लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी धर्मीचंद खाचरिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम पंचायत थल में महिलाओं को एकत्रित कर महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुये घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण, गिरफ्तारी



दैनिक भास्कर 09.03.2024

# तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन

दिनांक 16 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सत्र के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा तथा आशा सहयोगिनी श्रीमती योगिता सेन द्वारा की गई | शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया | शिविर के प्रथम सत्र में महिला एवं बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण के महत्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रजनन स्वास्थ्य, टीकाकरण, माहवारी स्वच्छता, संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र आदि के बारे में चर्चा की गई | श्रीमती ममता शर्मा द्वारा द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई | श्रीमती मीना कंवर द्वारा एनएसएस, लिंगानुपात, महिला शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई | स्वयंसेविका शीतल और अनु के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए | शिविर के दूसरे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर रचनात्मक पोस्टर बनाएं | शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में हुआ तथा अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामुदायिक सेवा के विचार से जोड़ती है जिससे कि युवा शक्ति का प्रयोग समाज की समस्याओं के निपटारे में किया जा सके | समापन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा अल्पाहार के पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया | शिविर में प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे |







शिविर का शुभांरभ दीप प्रज्ज्वलित करते हुए







पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती हुई स्वंयसेविकाएँ






स्वंयसेविकाओं द्वारा श्रमदान

# एनएसएस शिविर में बताया टीकाकरण का महत्व




रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सत्र में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित शिविर की अध्यक्षता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता शर्मा तथा आशा सहयोगिनी योगिता सेन द्वारा की गई। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में महिला एवं बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण के महत्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। ममता शर्मा ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर के दूसरे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में हुआ। समापन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा अल्पाहार के पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया। शिविर में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 17.01.2024

patrika.com

## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया

# टीकाकरण और संस्थागत प्रसव की दी जानकारी



**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा और अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए ममता शर्मा और योगिता सेन ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और व्याख्यान माला का आयोजन किया। इसमें प्रजनन, स्वास्थ्य, टीकाकरण, माहवारी स्वच्छता, संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र आदि के बारे में चर्चा की गई। ममता ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मीना कंवर द्वारा लिंगानुपात, महिला शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर रचनात्मक पोस्टर बनाए। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में हुआ। समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया। इसमें प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रेणु वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।

राजस्थान पत्रिका 17.01.2024

नशा मुक्ति कार्यक्रम

दिनांक 18 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में  नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन  किया गया जिसमें महाविद्यालय विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई । कार्यक्रम में डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे । महाविद्यालय  की प्रिंसिपल डॉक्टर कोमल पारीक ने नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में छात्राओं को जानकारी दी  । प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।




कार्यक्रम उपस्थित सभी स्टाफ सदस्य व छात्राएँ

# नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



रूपनगढ़। रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. कोमल पारीक ने नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

AN
YO
L
The new
iconic e
Starts
EMI sta
Easy ex
Ex-showroom

दैनिक भास्कर 19.03.2024




एन.एन.एस कार्यक्रम अधिकारी




प्राचार्य